भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2115 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 31 जुलाई, 2026/9 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है

कार्गो जहाज पर ड्रोन हमला

†2115. श्री तमिलसेल्वन थंगा :
डॉ. गणपथी राजकुमार पी .:

क्या पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि 'हाजी अली' नामक एक भारतीय कार्गो जहाज, जो 25 जुलाई, 2026 को ओमान के पास पश्चिमी एशियाई देश के उत्तरी तट पर लीमा के निकट यात्रा कर रहा था, ड्रोन हमले में डूब गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) एक भारतीय कार्गो जहाज पर ड्रोन हमले के कारण अनुमानित कुल क्षति/नुकसान कितना है; और

(ग) क्या भारत सरकार ने हमारे भारतीय नाविकों को सुरक्षित वापस लाने के लिए कोई कदम उठाए हैं और एक भारतीय कार्गो जहाज पर हुए ड्रोन हमले की निंदा की है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ग): एक भारतीय कार्गो जलयान 'हाजी अली' (यांत्रिक वुडेन सेलिंग जलयान) के संबंध में यह सूचना प्राप्त हुई कि 13.05.2026 को लिमाह के निकट ओमान के तट से गुजरते समय उसका दाहिना भाग प्रभावित हुआ था। इस प्रभाव के परिणामस्वरूप जलयान पर भीषण आग लग गई, जिसके कारण अंततः जलयान पूर्णत: क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के समय, जलयान पर मवेशी थे और वह बरबेरा, सोमालिया से शारजाह, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा पर था। संबंधित प्राधिकारियों और मस्कट स्थित भारतीय दूतावास के समन्वित प्रयासों के माध्यम से सभी 14 भारतीय चालक दल के सदस्यों को समुद्र से सुरक्षित बचा लिया गया और ओमान के दिब्बा पत्तन लाया गया। चालक दल के सभी सदस्यों को 22.05.2026 को सुरक्षित भारत वापस भेज दिया गया।

*****